Ph. No. 0522 2635513
Email:- bsnvpg.iqac@gmail.com

# Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के0के0वी0)
स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ — 226001

## आईक्यूएसी मीटिंग मिनट्स

**Date:-** 24-07-2024

**Event:**- IQAC Meeting

**Title: -** Related to various Quality related issues

**Venue**:- BSNVPG College, Principal, Lucknow

**Presided by**:- Prof. Sanjai Misra (Principal)

**Coordinated by**:-Prof. Ram Kumar (IQAC Co-coordinator)


**Members** -

1. Prof. Sanjive Shukla - Member
2. Prof. Jyoti Kala - Member
3. Prof. Deepak Kumar Srivastava - Member
4. Prof. Gunjan Pandey - Member
5. Prof. Govind Krishna Mishra - Member
6. Dr. Umesh Kumar Singh - Member
7. Dr. Manjul Trivedi - Member
8. Dr. Pramila Pandey - Member

महाविद्यालय की आइक्यूएसी द्वारा 24 जुलाई 2024 को प्रातः 11:30 बजे प्राचार्य कक्ष में बैठक संपन्न हुई। जिसका कार्यवृत निम्नवत है—

1. महाविद्यालय के प्राचार्य जी ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया।
2. प्रो0 राम कुमार तिवारी जी ने 21 अक्टूबर 2023 को हुई आईक्यूएसी मीटिंग में लिये गये निर्णयों का वाचन कर उपस्थित सभी सदस्यों को अवगत कराया।
3. स्नातक / परास्नातक प्रवेश के बारे में प्राचार्य ने अवगत कराया कि स्नातक स्तर की प्रक्रिया चल रही है तथा परास्नातक की प्रक्रिया प्रारम्भ करने हेतु विश्वविद्यालय से लिखित अनुमति की प्रतीक्षा की जा रही है। इसके पश्चात ही परास्नातक के प्रवेश किया जाना ठीक रहेगा। इस पर सभी सदस्यों की सहमति बनी।
4. नवीन सत्र के शैक्षिक कैलेण्डर को शीघ्रता से बनाकर वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा इसे डॉ मंजुल त्रिवेदी, प्राचार्य जी का सहयोग करके फाइनल स्वरूप प्रदान करेंगे। साथ ही एक पत्र प्राचार्य द्वारा विभागों को दिया जाये जिसमें विभागीय शैक्षिक कैलेण्डर बनाकर वेबसाइट पर अपलोड किया जाये।
5. प्रो0 राम कुमार जी ने लंबे समय से लंबित आईक्यूएसी के पुर्नगठन हेतु सुझाव दिया जिसमें छात्र प्रतिनिधियों को भी रखा जाये और साथ ही यह भी बताया कि किसी नये सदस्य को आईक्यूएसी का कोऑर्डिनेटर बनाया जाये। नये कोआर्डिनेटर की मांग शेष सदस्यों के द्वारा अस्वीकार करते हुये आईक्यूएसी के पुर्नगठन पर शीघ्रतापूर्ण करने पर सहमति बनी। सदस्यगण प्राचार्य को भावी सदस्यों के नाम सुझा सकते हैं एवं प्राचार्य, प्रबंधतंत्र से समन्वय करके पुर्नगठन का कार्य सम्पादित करेंगे।

6. महाविद्यालय में मेंटरशिप प्रोग्राम लागू करने हेतु सहमति बनी। प्रो0 राम कुमार ने बताया कि मेंटरशिप के एसओपी का ड्राफ्ट तैयार है जिसे सभी सदस्यों को उपलब्ध करा दिया जायेगा। इस पर उनके सुझाव आमन्त्रित हैं। 29 जुलाई को इस हेतु बैठक करके इसे अनंतिम रूप दिया जायेगा।
7. महाविद्यालय आउटरीच प्रोग्राम के तहत आस पास के 10+2 विद्यालयों से सम्पर्क करके MoU किया जायेगा। इस प्रोग्राम में परास्नातक के विद्यार्थी उन विद्यालयों के छात्र–छात्राओं के लिये मेंटरशिप प्रोग्राम चलायेंगे। इस व्यवस्था से महाविद्यालय में प्रवेश के लिये अनुकूल माहौल बनेगा। प्रो0 राम कुमार ने बताया कि इस कार्य के लिये बीएसएनवी इंटरमीडिएट के प्रबंधक जी से वार्ता हो गयी है।
8. पीछे लिये गये निर्णयों पर शीघ्र कार्यवाही के लिये प्राचार्य जी से आग्रह किया गया जिसमें बालिका छात्रावास हेतु, ओपेन जिम, खेल का मैदान, कैंटीन आदि शामिल हैं।
9. पूर्व में आईक्यूएसी को दिया गया कक्ष अन्य कार्यो में उपयोग हो रहा है। अतः सदस्यों ने एक आईक्यूएसी कक्ष हेतु प्राचार्य जी से आग्रह किया। इस पर ऑफिस के बगल के कक्ष को उपयोग करने हेतु प्राचार्य ने अनुमति प्रदान की।
10. प्राचार्य ने विभागों से विभागीय एसोसिएशन को एक्टीवेट करने एवं भौतिकी द्वारा अपनाये जा रहे मॉडल को लागू करने पर जोर दिया।
11. गर्ल्स वाशरूम के नियमित सफाई एवं व्यवस्था पर प्रो0 गुंजन पाण्डेय ने ध्यान आकर्षित किया। प्राचार्य जी ने इसके लिये जिम्मेदार लोगों से वार्ता कर समस्या समाधान का विश्वास दिलाया।
12. डॉ. मंजुल त्रिवेदी ने महाविद्यालय के रिसर्च स्कॉलरस को बेहतर सुविधायें प्रदान करने एवं उन्हें महाविद्यालय के उद्देश्यों के अनुरूप ढालने पर जोर दिया। इस बारे में आगे की बैठक में विस्तार से विचार करने पर सहमति बनी।
13. अंत में प्रो0 राम कुमार जी ने सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये अगली बैठक 29 जुलाई 2024 को करने पर सहमति बनी।



Internal Quality Assurance Cell (IQAC)

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के0के0वी0)

स्टेशन रोड, चारबाग, लखनऊ – 226001

Wednesday, July 24, 2024

**IQAC Meeting**

| SR.NO. | NAME | SIGNATURE |
|---|---|---|
| 1 | Prof. Sanjai Misra | [signature] |
| 2 | Prof. Sanjeev Shukla. | [signature] 24/7/24 |
| 3 | Prof. Jyoti Kala | [signature] 24.7.24 |
| 4 | Prof. Deepak Kumar Srivastava | [signature] |
| 5 | Prof. Gunjan Pandey | [signature] |
| 6 | Prof. Govind Krishna Mishra | [signature] 24/7/24 |
| 7 | Prof. Ram Kumar | [signature] |
| 8 | Dr. Manjul Trivedi | [signature] |
| 9 | Dr. Pramila Pandey | Pramile |
| 10 | | |
| 11 | | |
| 12 | | |
| 13 | | |
| 14 | | |
| 15 | | |
| 16 | | |
| 17 | | |
| 18 | | |
| 19 | | |
| 20 | | |

IQAC CO-ORDINATOR

PRINCIPAL